आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 07.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – सरकार का 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा विनिर्माण का लक्ष्य।
- नैनीताल–ऊधमसिंह नगर सांसद अजय भट्ट ने उद्योग जगत से "वोकल फॉर लोकल" के मंत्र को अपनाने का आह्वान किया।
- पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर में सहकारिता मेले का आयोजन। विभिन्न स्थानीय उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी।
- लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पांडे ने मसूरी–देहरादून मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

..................

**रक्षा मंत्री**

सरकार ने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और पचास हजार करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में रक्षा निर्माण में अवसर पर आयोजित एक सम्मेलन में यह बात कही। श्री सिंह ने बताया कि देश का रक्षा उत्पादन एक लाख पचास हजार करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

श्री सिंह ने कहा कि सरकार आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप को पूरी तरह से समझती है, क्योंकि अब युद्ध तकनीक आधारित होते जा रहे हैं।

**भारतीय मानक ब्यूरो**

विश्व मानक दिवस–2025 के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो, बीआईएस, देहरादून शाखा द्वारा आज ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में "मानक महोत्सव" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नैनीताल–ऊधमसिंह नगर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि मानक किसी भी उत्पाद की गुणवत्ता और विश्वसनीयता का आधार होते हैं। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे "वोकल फॉर लोकल" के मंत्र को अपनाएं और भारतीय उत्पादों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएं।

बीआईएस, देहरादून शाखा के प्रमुख व निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि बीआईएस, मानकीकरण के माध्यम से उद्योग, उपभोक्ता और सरकार के बीच साझेदारी को सुदृढ़ कर रहा है, जिससे सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में क्षेत्र की 150 से अधिक प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों

ने भाग लिया। इस दौरान उद्योगों के बीच मानक अपनाने की आवश्यकता, गुणवत्ता नियंत्रण और बीआईएस की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रमाणन, हॉलमार्किंग व रजिस्ट्रेशन स्कीम पर विस्तार चर्चा की गई।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल**

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 24 हजार 634 करोड़ रुपये की चार रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। ये चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएँ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों को कवर करेंगी। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 894 किलोमीटर बढ़ जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होनें बताया कि 1 हजार 619 किलोमीटर लंबाई वाली इन परियोजनाओं से लगभग 3 हजार 633 गाँवों को लाभ होगा।

**राज्यपाल भेंट**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्र की प्रगति में ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार—विमर्श किया। राज्यपाल ने ओएनजीसी द्वारा सीएसआर के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

**सहकारिता मेला**

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष— 2025 के उपलक्ष्य में उत्तराखंड सहकारिता विभाग द्वारा पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर में सहकारिता मेला आयोजित किया गया। मेले में सहकारी समितियों, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज मेले में विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सहकारिता की यह भावना सबका साथ—सबका विकास के मंत्र को जीवंत करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन निश्चित रूप से प्रदेश की आर्थिक प्रगति और सामाजिक समरसता को नई दिशा प्रदान करते हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, सहकारिता को केवल योजना तक सीमित नहीं रख रही है, बल्कि इसे रोजगार, उद्यमिता और ग्रामीण समृद्धि का व्यापक आंदोलन बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक गांव को सहकारिता से जोड़ा जाए, ताकि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने का मार्ग खुले।

**सचिव निरीक्षण**

लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पांडे ने आज विभागीय अधिकारियों के साथ मसूरी–देहरादून मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शिव मंदिर के पास बने अस्थायी बेली ब्रिज की स्थिति को परखा और क्षतिग्रस्त सड़कों का जायज़ा भी लिया। श्री पाण्डे ने कहा कि बेली ब्रिज बनाकर फिलहाल यातायात बहाल कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस स्थान पर एक स्थायी पुल का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिसका डिज़ाइन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट इस महीने तैयार कर ली जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**औशधि निरीक्षण**

राजस्थान और मध्य प्रदेश में खांसी की दवा के सेवन से बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एडवाइजरी के अनुपालन में प्रदेश में औषधि निरीक्षण अभियान जारी है। इसी कड़ी में आज बागेश्वर की औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स, होलसेल और रिटेल प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 10 कफ सिरप के नमूने एकत्र कर राजकीय औषधि विश्लेषणशाला को भेजे गए। औषधि निरीक्षक ने कहा कि यह अभियान बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य की दृष्टि से एक आवश्यक कदम है।

**कृषि उद्यमी सम्मान**

देहरादून में आज आयोजित कृषि उद्यमी सम्मान समारोह में कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष कृषि उद्यमी सम्मान के अंतर्गत कई श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए। इनमें कृषि उद्यमी सम्मान, कृषि विज्ञान सम्मान और कृषि संचार सम्मान प्रमुख थे। यह समारोह कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसानों, उद्यमियों, वैज्ञानिकों और पत्रकारों को मान्यता देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान, पद्मश्री डॉ. प्रेमचंद शर्मा ने कहा कि कृषि उद्यमी सम्मान का उद्देश्य न केवल उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना है, बल्कि अन्य किसानों और उद्यमियों को भी प्रेरित करना है, ताकि वे अपने कार्य से कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाएं।